Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**Code No. 034**

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

# HINDI COURSE - (B)
# हिन्दी कोर्स (ब)

***सामान्य निर्देश :***

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें एवं पूर्णरूप से उनका अनुपालन करें।***

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 80*

***नोट :***

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* ***11*** *मुद्रित पृष्ठ हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 16 प्रश्न हैं।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं।*

*(iv)* ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।***

*(v)* ***इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। पूर्वाह्न में 10.15 से 10.30 बजे तक छात्र प्रश्न-पत्र को केवल पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।***

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***चार*** *खंड हैं -* ***खंड 'क', खंड 'ख', खंड 'ग' और खंड 'घ'।***

*(vii)* ***खंड - क*** *में अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(viii)* ***खंड - ख*** *में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार आंतरिक विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(ix)* ***खंड - ग*** *में पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(x)* ***खंड - घ*** *में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं। निर्देशानुसार आंतरिक विकल्पों का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*

*(xi)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।*

## खंड – क

**( अपठित बोध )** **14**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **7**

बढ़ता जल संकट न केवल पर्यावरण की दृष्टि से चिंता का विषय है, बल्कि यह देश के आर्थिक विकास में भी बाधक है। घटते जलस्रोत और पानी की बढ़ती माँग से मानव जीवन तथा आर्थिक विकास में अस्थिरता बढ़ रही है। इससे इंसानी जीवन और पशु–पक्षियों का अस्तित्व भी संकट में आ गया है। बढ़ते जल संकट से अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले क्षेत्रों पर विशेष प्रभाव पड़ रहा है। आज दुनिया की एक तिहाई आबादी के पास पीने के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रपट से पता चलता है कि इस समय हर दूसरा व्यक्ति पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। दुनिया में लगभग 73.3 करोड़ लोग ऐसे क्षेत्रों में निवास करते हैं, जहाँ जल की समस्या बेहद गंभीर है। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2050 तक स्वच्छ जल की कुल माँग में 30 फीसदी की बढ़ोत्तरी का अनुमान है।

विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती भारतीय अर्थ–व्यवस्था में भी जल संकट अवरोधक है। यह नागरिकों के पेयजल के नैसर्गिक अधिकार को जोखिम में डाल रहा है, साथ ही देश के लाखों लोगों की जीविका का जोखिम पैदा कर रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में नौकरियों को सीमित कर रहा है। वैश्विक स्तर पर कुल सृजित नौकरियों में चार में तीन का आधार जल है।

(i) जल संकट का असर सबसे अधिक पड़ रहा है : **1**

(A) आर्थिक विकास पर

(B) पर्यावरण संतुलन पर

(C) जीवों के अस्तित्व पर

(D) सामाजिक जीवन पर

(ii) ''बढ़ते जल संकट से अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले क्षेत्रों पर विशेष प्रभाव पड़ रहा है।'' – का आशय है : **1**

(A) अर्थव्यवस्था से जुड़े कुछ महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों का विकास अत्यंत तेज़ी से हो रहा है।

(B) अर्थव्यवस्था से जुड़े कुछ महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास की गति कम हो गई हैं।

(C) अर्थव्यवस्था से जुड़े कम महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों का विकास अत्यंत तेज़ी से हो रहा है।

(D) अर्थव्यवस्था से जुड़े कम महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के विकास की गति कम हो गई है।

(iii) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन :** जल संकट किसी भी देश के आर्थिक विकास को अवरुद्ध करता है।

**कारण :** आर्थिक विकास ने ही घोर विश्वव्यापी पेयजल संकट को जन्म दिया है।

(A) **कथन** गलत है, किंतु **कारण** सही है।

(B) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **कथन** सही है और **कारण** उसकी सही व्याख्या करता है।

(D) **कथन** सही है परंतु **कारण** उसकी सही व्याख्या नहीं करता है।

(iv) पेयजल संकट ने लोगों के रोज़गार को किस रूप में प्रभावित किया है? **2**

(v) पेयजल को नैसर्गिक अधिकार क्यों कहा गया है? **2**

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** **7**

मनुष्य की उम्मीदें अकसर असीमित होती हैं और वह अपने प्रयासों से अधिक करने की क्षमता रखता है। यही उम्मीद उसे सपनों की ऊँचाई तक पहुँचने की शक्ति प्रदान करती है। सपनों की ऊँचाई तो आकाश से भी ऊँची होती है। कई बार लोग आसानी से अपनी उम्मीदें दूसरों के ऊपर रखते हैं, जो अधिकांशत: दुख और विफलता का कारण बनता है। सपनों को पूरा करने के लिए विश्वास और मेहनत दोनों ही जरूरी होते हैं। सपनों को अपने लक्ष्य के रूप में देखना और उनको पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहना हमें सफलता की ऊँचाइयों तक पहुँचा सकता है।

सपनों को मनोबल के रूप में और दिशा देने का शस्त्र बनाना चाहिए न कि बोझ। सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत करनी चाहिए लेकिन उन्हें ज़िंदगी का बोझ नहीं बनने देना चाहिए। वे हमें प्रेरित करते हैं, हमारे लक्ष्य को दिशा देते हैं और हमें सफलता की ओर बढ़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। वर्तमान की समीक्षा करके भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। परंतु इसके चक्कर में हमें वर्तमान को नुकसान पहुँचाने से बचना चाहिए। अच्छे भविष्य का निर्माण वर्तमान के संरक्षण और उज्ज्वल भविष्य के लिए सपनों को ईमानदारी से जिदंगी का सर्वश्रेष्ठ देने में ही निहित है।

(i) गद्यांश के संदर्भ में उपयुक्त कथन है : **1**

(A) उम्मीदें सदैव दूसरों के सहारे पूरी होती हैं।

(B) उम्मीदें सपनों जैसी होती हैं जो पूरी नहीं होतीं।

(C) उम्मीदें हमेशा दूसरों के लिए बोझ के समान होती हैं।

(D) उम्मीदें जीवन में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाती हैं।

(ii) गद्यांश का संदेश है : 1

(A) सपने नहीं देखना चाहिए।

(B) उम्मीदें निरर्थक होती हैं।

(C) क्षमताएँ सीमित होती हैं।

(D) सपने शक्ति समान होते हैं।

(iii) निम्नलिखित **कथन** और **कारण** को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए - 1

**कथन :** हमें कभी किसी से या स्वयं से कोई अपेक्षा नहीं रखनी चाहिए।

**कारण :** अपेक्षाएँ रखने वाले व्यक्ति के विफल होने की संभावना नहीं रहती है।

(A) **कथन** गलत है, किंतु **कारण** सही है।

(B) **कथन** और **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **कथन** सही है और **कारण** उसकी सही व्याख्या है।

(D) **कथन** सही है परंतु **कारण** उसकी सही व्याख्या नहीं है।

(iv) उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कैसे संभव है ? 2

(v) सपने कब बोझ बन जाते हैं ? 2

## खंड - ख

## ( व्यावहारिक व्याकरण ) 16

**3. 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4x1=4**

(i) 'किसी तरह <u>आँचरहित एक ठंडा और ऊबाऊ</u> दिन गुजरने लगा' - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए। 1

(ii) '<u>एक सच्चा कलाकार</u> उपभोक्ताओं की रूचियों का परिष्कार करता है।' - वाक्य में रेखांकित पद का भेद लिखिए। 1

(iii) 'मुकेश की आवाज़ में शैलेंद्र का यह गीत अद्वितीय बन गया है।' - वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए। 1

(iv) किसी वाक्य में क्रियाविशेषण पदबंध की पहचान कैसे की जाती है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 1

(v) सर्वनाम पदबंध का एक उदाहरण लिखिए। 1

4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **4x1=4**

(i) 'सआदत अली हमारा दोस्त है और बहुत ऐश पसंद आदमी है।' –वाक्य का भेद लिखिए। **1**

(ii) 'व्यावहारिकता का बखान होने पर जीवन से आदर्श धीरे–धीरे पीछे हटने लगता है।' – मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए। **1**

(iii) उदाहरण द्वारा सरल और संयुक्त वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए। **1**

(iv) 'नूह ने जब उसकी बात सुनी तो दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।' – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए। **1**

(v) 'द्वीपों के विभक्त होने की एक लोककथा है जो आज भी दोहराई जाती है।' – सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए। **1**

5. 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **4x1=4**

(i) 'अव्ययीभाव समास' की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण लिखिए। **1**

(ii) 'दीनबंधु' समस्तपद का विग्रह कीजिए और भेद का नाम लिखिए। **1**

(iii) 'घुड़सवार' तत्पुरुष समास का उदाहरण है, कैसे ? **1**

(iv) 'महान है जो विभूति' के लिए समस्तपद लिखिए और भेद का नाम बताइए। **1**

(v) द्वंद्व समास का एक उदाहरण विग्रह सहित लिखिए। **1**

6. 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – **4x1=4**

(i) 'मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा।' वाक्य में से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

(ii) 'कमरे में आते ही भाईसाहब का वह रुद्र–रूप देखकर मेरे __________ जाते।' उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। **1**

(iii) 'खून जलाना' और 'खून खौलना' मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए। **1**

(iv) 'खुशी का ठिकाना न रहना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए। **1**

(v) 'चोर पुलिस की __________ भाग गया।' उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। **1**

## खंड – ग

**( पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक )** **28**

**7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए –** **5x1=5**

चाय तैयार हुई। उसने वह प्यालों में भरी। फिर वे प्याले हमारे सामने रख दिए गए। वहाँ हम तीन मित्र ही थे। इस विधि में शांति मुख्य बात होती है। इसलिए वहाँ तीन से अधिक आदमियों को प्रवेश नहीं दिया जाता। प्याले में दो घूँट से अधिक चाय नहीं थी। हम ओठों से प्याला लगाकर एक-एक बूँद चाय पीते रहे। करीब डेढ़ घंटे तक चुसकियों का यह सिलसिला चलता रहा।

पहले दस-पंद्रह मिनट तो मैं उलझन में पड़ा। फिर देखा, दिमाग की रफ़्तार धीरे-धीरे कम पड़ती जा रही है। थोड़ी देर में बिलकुल बंद भी हो गई। मुझे लगा, मानो अनंतकाल में मैं जी रहा हूँ। यहाँ तक कि सन्नाटा भी मुझे सुनाई देने लगा।

अकसर हम या तो गुज़रे हुए दिनों की खट्टी-मीठी यादों में उलझे रहते हैं या भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं।

(i) लेखक उलझन में क्यों पड़ गया ? **1**

(A) वह उस स्थान के तौर-तरीकों से भिज्ञ था।

(B) चाय की मात्रा एवं पीने का तरीका उसके लिए नया था।

(C) वह औपचारिकता के कारण वहाँ चला गया था।

(D) वह वहाँ और अधिक रुकना नहीं चाहता था।

(ii) 'उसने वह प्यालों में भरी।' – वाक्य में 'उसने' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ? **1**

(A) लेखक (B) चाज़ीन

(C) लेखक के मित्र (D) चा-नो-यू

(iii) 'टी-सेरेमनी' की सबसे मुख्य बात थी : **1**

(A) शांति मिलना (B) सीमित संख्या

(C) चाय पीना (D) झेन की देन

(iv) दिमाग के बिलकुल बंद हो जाने का क्या आशय है? **1**

(A) अचेत हो जाना (B) बेहोशी छा जाना

(C) मन शांत हो जाना (D) दिमाग सुन्न हो जाना

(v) निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – **1**

**कथन :** युवा अकसर भविष्य के रंगीन सपने देखते रहते हैं।

**कारण :** सुखद भविष्य के लिए उसकी कल्पनाओं में खोए रहने में कोई बुराई नहीं है।

(A) **कथन** तथा **कारण** दोनों गलत हैं।

(B) **कथन** तथा **कारण** दोनों सही हैं।

(C) **कथन** गलत है किंतु **कारण** सही हैं।

(D) **कथन** सही है किंतु **कारण** उसकी गलत व्याख्या करता है।

**8. गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए –** **3x2=6**

(i) 'हिंदी फ़िल्म जगत में एक सार्थक और उद्देश्यपरक फ़िल्म बनाना कठिन और जोखिम भरा काम है।' पाठ 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **2**

(ii) यह जानते हुए भी कि तलवार में अलौकिक शक्ति है, तताँरा द्वारा अपने क्रोध के शमन के लिए उसका प्रयोग करना कहाँ तक उचित था? तर्कसम्मत उत्तर दीजिए। **2**

(iii) वर्तमान में पर्यावरण के प्रति इंसानों की बढ़ती असंवेदनशीलता के क्या कारण हैं? पाठ 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' के आधार पर उत्तर लिखिए। **2**

(iv) लेखक ने 26 जनवरी 1931 के दिन को निराला क्यों कहा है? पाठ – 'डायरी का एक पन्ना' के आधार पर लिखिए। **2**

9. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए –** **5x1=5**

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में,
सनाथ जान आपको करो न गर्व चित्त में।
अनाथ कौन है यहाँ ? त्रिलोकनाथ साथ हैं;
दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।
अतीव भाग्यहीन है अधीर भाव जो करे,
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

(i) कवि ने 'अधीर भाव' किसे कहा है ? **1**

(A) वर्तमान के अभावों के प्रति व्याकुलता को

(B) वर्तमान की उपलब्धियों के प्रति व्यग्रता को

(C) अतीत के कर्मों के प्रति आत्मग्लानि को

(D) अतीत के अभावों के प्रति सजगता को

(ii) 'दयालु दीनबंधु के बड़े विशाल हाथ हैं' का आशय है : **1**

(A) परमात्मा के हाथ बड़े और विशाल आकार के होते हैं।

(B) परमात्मा दयालु व्यक्ति से अत्यंत प्रभावित होता है।

(C) परमात्मा की कृपा उसके भक्तों को ही प्राप्त होती है।

(D) परमात्मा की कृपा सबको समान रूप से प्राप्त होती है।

(iii) कवि हमें किस बात पर गर्व न करने का सुझाव देते हैं ? **1**

(A) अपने गुणों पर (B) आराध्य की भक्ति पर

(C) अपनों के साथ पर (D) जीवन में सफलता पर

(iv) पद्यांश में ईश्वर के लिए प्रयुक्त संबोधन नहीं है : **1**

(A) त्रिलोकनाथ (B) सनाथ

(C) दीनबंधु (D) दयालु

(v) निम्नलिखित **कथन** तथा **कारण** को ध्यानपूर्वक पढ़कर सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए– **1**

**कथन :** मानवमात्र को गर्वरहित जीवन जीना चाहिए।

**कारण :** जीवन में प्राप्त भौतिक-अभौतिक उपलब्धियाँ स्थायी होती हैं।

(A) **कथन** गलत है किंतु **कारण** सही है।

(B) **कथन** तथा **कारण** दोनों गलत हैं।

(C) **कथन** सही है और **कारण** उसकी सही व्याख्या है।

(D) **कथन** सही है परंतु **कारण** उसकी सही व्याख्या नहीं है।

**10. काव्य-पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए -** **3x2=6**

(i) 'मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो' - काव्य पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। **2**

(ii) कबीर स्वयं को दुखी और संसार के लोगों को सुखी क्यों कहते हैं? **2**

(iii) अपने पद और शक्तियों का गलत उपयोग करने वालों को 'तोप' कविता क्या संदेश देती है? **2**

(iv) 'रव शेष रह गए हैं निर्झर' - पंक्ति का भाव 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। **2**

**11. पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए -** **2x3=6**

(i) 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर लिखिए कि भाषा रिश्तों को बनाने और बिगाड़ने दोनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। **3**

(ii) बच्चों की पढ़ाई और विद्यालय के प्रति रुचि उत्पन्न करने में पाठ्येत्तर गतिविधियों का क्या प्रभाव पड़ता है? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए। **3**

(iii) हरिहर काका महंत जी के प्रति कृतज्ञता के भाव से क्यों भर गए? **3**

## खंड – घ

## ( रचनात्मक लेखन ) 22

**12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत – बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए –** **1x5=5**

(i) **जहाँ चाह वहाँ राह**

**संकेत बिंदु –**

- सूक्ति का अर्थ
- संकल्प शक्ति का प्रभाव
- कुछ उदाहरण
- निष्कर्ष

(ii) **ओलंपिक खेलों में भारत का प्रदर्शन**

**संकेत बिंदु –**

- ओलंपिक खेलों से अभिप्राय
- भारत का प्रदर्शन
- प्रदर्शन में सुधार हेतु सुझाव
- निष्कर्ष

(iii) **कृत्रिम बुद्धिमत्ता का बढ़ता प्रभाव**

**संकेत बिंदु –**

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अर्थ
- वर्तमान में प्रभावित क्षेत्र
- लाभ–हानि
- सुझाव

**13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए –** **1x5=5**

आप मनीष/मान्या हैं। आपके मोहल्ले में स्थानीय लोगों द्वारा लाउडस्पीकर का अनुचित तरीके से उपयोग किया जा रहा है। इसे रोकने के लिए पुलिस आयुक्त को पत्र लिखिए।

**अथवा**

आप मोहित/मनीषा हैं। आपके अनेक साथी राष्ट्रीय रक्षा सेवाओं के रूप में अपना भविष्य देखते हैं। एनडीए की तैयारी के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्य को अनुरोध पत्र लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए -** **1x4=4**

'बाल दिवस' के अवसर पर विद्यालय परिसर में 'बाल मेला' का आयोजन किया जा रहा है। इसके बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से एक सूचना तैयार कीजिए।

**अथवा**

आपके विद्यालय में चुनाव के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु 'चुनावी साक्षरता' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसके बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय प्रबंधक की ओर से एक सूचना तैयार कीजिए।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए -** **1x3=3**

साइकिल के उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

'पुस्तक मेले' के आयोजन पर आधारित एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**16.** प्रतिदिन की तरह आज भी मैं सुबह-सवेरे भ्रमण पर निकला था। अभी कुछ ही दूर गया था कि बगल की झाड़ियों में कुछ हिलता हुआ-सा प्रतीत हुआ। ध्यान से देखने पर पता चला .......... पंक्ति को पूरा करते हुए लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए। **1x5=5**

**अथवा**

आप अमित/अमिता हैं। आपके इंटरनेट की लाइन कई दिनों से खराब है जिसके कारण आप अनेक व्यावहारिक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। इसे तत्काल ठीक करवाने का अनुरोध करते हुए महानगर संचार निगम को लगभग 100 शब्दों में ई-मेल लिखिए।

**- o O o -**